नवम् राष्ट्रीय मतदाता दिवस
दिनांक 25 जनवरी, 2019

राजस्थान सरकार
निर्वाचन विभाग

विषय : दिनांक 25 जनवरी, 2019 को नवम् राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित करवाने एवं मतदाता शपथ दिलवाने बाबत्।

जैसा कि आपको विदित है कि प्रतिवर्ष 25 जनवरी को देशभर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाता है। 25 जनवरी, 1950 को भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना होने के कारण इस दिवस को इस रूप में मनाया जाना लोकतंत्र के लिए अत्यंन्त महत्वपूर्ण है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस सम्बंध में निर्देश जारी किये गये है कि आगामी राष्ट्रीय मतदाता दिवस दिनांक 25 जनवरी, 2019 को एवं इससे पूर्व सभी स्कूलों, महाविद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में आयोग द्वारा निर्धारित की गई नवम् राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम **"कोई मतदाता न छूटे" (No Voter to be Left Behind)** आधारित विविध गतिविधियाँ जैसे वाद-विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, मॉक पोल आदि का आयोजन कर मनाया जावे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह भी निर्देश दिये गये है कि सभी राजकीय विभागों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ भी 25 जनवरी, 2019 को प्रातः 11:00 बजे दिलवाई जावे, जिससे प्रजातंत्र में सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

इस सम्बंध में भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त पत्र एवं शपथ का प्रारूप (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) सलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। आपसे यह अपेक्षा है कि आप अपने अधीनस्थ सभी विभागों एवं कार्यालयों को इस सम्बंध में आवश्यक निर्देश जारी कर पालना सुनिश्चित करें तथा की गई कार्यवाही से निर्वाचन विभाग को अवगत कराएगें।

संलग्न : उपरोक्तानुसार

(डी.बी.गुप्ता)
मुख्य सचिव
राजस्थान सरकार

www.rajteachers.com

समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव
समस्त प्रमुख शासन सचिव
समस्त शासन सचिव
शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर

यू0ओ0 नोट क्रमांक : एफ.4(3)(3)स्वीप / निर्वा / NVD - 2019 / 12822
जयपुर, दिनांक : 27/12/18

कमांकः एफ.4(3)(3)स्वीप / निर्वा / NVD - 2019 / 257 — **जयपुर, दिनांक :** 07/1/2019

प्रतिलिपि समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), राजस्थान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है।

उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान

जिला निर्वाचन अनुभाग, क्र. 150-73, दि. 8/1/2019, कलक्ट्रेट, बून्दी

Copy to
① ALL ERO's
② ALL DLO's

उप जिला निर्वाचन अधिकारी (ADM), बून्दी
(Dy. DEO) Bundi

ELECTION COMMISSION OF INDIA

Pledge For National Voters' Day, 25th January 2019

"हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एंव शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे"

"We, the citizens of India, having abiding faith in democracy, hereby pledge to uphold the democratic traditions of our country and the dignity of free, fair and peaceful elections, and to vote in every election fearlessly and without being influenced by considerations of religion, race, caste, community, language or any inducement"

www.rajteachers.com